info@changemakerhumanityaward.in | www.changemakerhumanityaward.in

Press Release

15 December 2021

गुमनाम नायकों को सम्मान दिलाने की अनूठी पहल
जयपुर नेशनल युनिवर्सिटी और भारत सोका गक्कई (बीएसजी) ने की
चेंज मेकर ह्यूमैनिटी अवार्ड (Change Maker Humanity Award)
देने की घोषणा

जयपुर, 15 दिसंबर। कोविड संक्रमण के दौर में दुनिया का हर कोई व्यक्ति नई चुनौतियों और विपदाओं का सामना करने को विवश हो रहा है। ऐसे में चेंज मेकर की भूमिका में न जाने कितने गुमनाम योद्धाओ ने एक मसीहा की तरह अपनी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी बखूबी निभाई। ये वे कर्मवीर थे जो मानवता की सच्ची सेवा की मिसाल बनकर दूसरों की खुशियों के लिए सुरक्षा ढाल बन गए।

ऐंसे गुमनाम नायकों को अब खास पहचान और सम्मान दिलाने, उनके सेवा के जज्बे को सलाम करने की प्रतिबद्धता और हौसलों के लिए चेंज मेकर ह्यूमैनिटी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। **जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ संदीप बख्शी और भारत सोका गक्कई (बीएसजी) के अध्यक्ष, श्री विशेष गुप्ता की ओर** से संयुक्त रूप से बुधवार को शहर में आयोजित सम्मेलन में इस अवार्ड की घोषणा की।

इस सयुंक्त पहल उन गुमनाम या विस्मरणीय योद्वाओं को सम्मानित करने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए की गई है जिन्होंने खासकर कोविड के अत्यंत गंभीर समय में अपनी जान की परवाह किए बिना चिकित्सा, सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और समाज सेवा में अमूल्य योगदान दिया। चेंज मेकर ह्यूमैनिटी अवार्ड इस परंपरा व विचार को सुदृढ करेगा कि आम व्यक्ति न सेवा भावना से ही दूसरों के प्रेरणा स्रोत बन सकते हैं बल्कि उनमें समाज में बदलाव लाने की सबसे बडी क्षमता है।

जेएनयू के चांसलर डॉ संदीप बख्शी ने कहा चेंज मेकर ह्यूमैनिटी अवार्ड की स्थापना अनकहे और अनजाने लोगों की मानव सेवा प्रयासों की पहचान करने व सुर्खियों में लाने और उन्हें सम्मानित करने के उदेश्य से की गई है। हम इस प्रयास में बीएसजी के साथ जुड़कर इस कार्य को व्यापक स्तर पर चलाएंगे। **बीएसजी के अध्यक्ष विशेष गुप्ता ने** कहा कि चेंज मेकर ह्यूमैनिटी अवार्ड का उद्देश्य मानव सेवा से जुडे लोगों को सम्मानित करना है। जिन्होंने एक मानवीय समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया है। राजस्थान में ऐसे गुमनाम योद्वा जिनके कार्यों की अब तक पहचान नहीं उन्हें पहचान और सम्मान दिलाने की दिशा में यह एक अनुकरणीय प्रयास है। इसके लिए किसी भी व्यक्ति या उनकी टीम, संस्था का **चेंज मेकर**

ह्यूमैनिटी अवार्ड के लिए चयन किया जाएगा। पूरे मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी को इस पुरस्कार के लिए नामांकित किया जाएगा। इस अवार्ड के लिए नामांकन 15 दिसंबर 2021 से जनवरी 15, 2022 तक भरे जा सकते हैं। विजेताओं का चयन एक प्रतिष्ठित जूरी पैनल द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए नामांकन में से किया जाएगा। पुरस्कार सम्मान समारोह 23 मार्च 2022 को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। अवार्ड के लिए पूरा विवरण वेबसाइट **: www.changemakerhumanityaward.in)** पर उपलब्ध है।

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, महिमा शिक्षा समिति द्वारा प्रायोजित एक निजी स्व–वित्तपोषित विश्वविद्यालय है। इसमें 7000 से अधिक छात्र और लगभग 600 संकाय सदस्य हैं। इस विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट तक की पढ़ाई करायी जाती है। विश्वविद्यालय राजस्थान का पहला निजी विश्वविद्यालय है जिसे राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् (एन ए ए सी) द्वारा बहुत व्यापक मूल्यांकन और प्रत्यापन के आधार पर मान्यता प्राप्त है। हाल के एक सर्वेक्षण में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी को देश के शीर्ष 25 निजी राज्य विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है। जेएनयू के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखेः www.jnujaipur.ac.in

BSG भारत सोका गाक्काई, सोका गाक्काई इंटरनेशनल (SGI) की भारतीय सहयोगी संस्था है। भारत में इसके सदस्य 600 नगर और शहरों में है। समाज के सभी वर्गो से आने वाले बीएसजी के सदस्यों का मानना है कि एक व्यक्ति के भीतर आया मूलभूत बदलाव (Human Revolution) समाज में एक महान परिवर्तन ला सकता है। यह संस्था सांस्कृतिक, शैक्षिक और समुदाय संबंधित गतिविधियों के माध्यम से शांति का वातावरण बनाना चाहती है। इन सभी गतिविधियों को सम्पन्न करने के लिए **BSG** के सदस्य मानवता की भावना से ओत प्रोत वार्तालाप का सहारा लेते है। **BSG** की अधिक जानकारी के लिए कृपया देखेः https://www.bharatsokagakkai.org.

अधिक जानकारी के लिए

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी
डॉ0 दिव्या श्रीवास्तव – 9351288092, dr.divyashrivastava@jnujaipur.ac.in

भारत सोका गाक्काई
सीमा मुखर्जीः 9810401501, seemamukherjee66@gmail.com